दीक्षोत्सव माह 2025

18 जनवरी को विश्वद्यालय की महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय गढी दद्दी, चौमुहॉ ब्लॉक स्थित गॉव में अनेक रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

मथुरा स्थित उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान में 4 जनवरी से 3 फरवरी तक दीक्षोत्सव माह का आयोजन माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से एवं माननीय कुलपति महोदय प्रो0 ए0के0 श्रीवास्तव जी के मार्ग दर्शन में किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मा0 कुलपति महोदय के निर्देशानुसार दिनांक 18 जनवरी को विश्वविद्यालय स्थित महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा गोद लिये गये गॉव के छात्र–छात्राओं के मानोवर्धन के लिए अनेक रोचक प्रतियोगिताऐ आयोजित की गई। कार्यक्रम समन्वयक डॉ अम्बिका शर्मा के नेत त्व में उनकी टीम द्वारा जनपद मथुरा कि प्राथमिक विद्यालय, गढी दद्दी, चौमुहॉ ब्लॉक स्थित गॉव में कक्षा 3 – 5 हेतु “ प्राकृतिक दृश्य ” पर चित्रकला प्रतियोगिता जिसमें 20 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं कक्षा 6 – 8 हेतु “ मेरे सपनो का विकसित भारत ” पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 25 छात्र–छात्राओं ने बढचढ. कर प्रतिभाग किया। चित्रकला में चौथी कक्षा से करीना, प्रियंका और नेहा एवं भाषण में राधिका, प्रिया और आरती ने क्रमवशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं का अगला चरण **(Second Round)** 23 जनवरी को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जायेगा। इन प्रतियोगिताओ का मुख्य लक्ष्य बच्चों के सर्वागीण मानसिक विकास को बढावा देना एवं उनका उत्साहवर्धन करना था। इसके साथ साथ ऑगनवाडी कार्यकर्ताओं से परिचर्चा तथा उनकी प्रक्रिया लेना भी कार्यक्रम का एक मुख्य पहलू रहा। कार्यक्रम के दौरान खाद्य वितरण पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर किया गया। जिसमें पोलीथिन का प्रयोग नही किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के उपरान्त डॉ शर्मा ने महिला अध्ययन केन्द्र की नोडल अधिकारी प्रो0 डॉ अर्चना पाठक, मुख्य समन्वयक प्रो0 डॉ संजीव कुमार सिंह एवं अपनी टीम के साथी डॉ पारुल, डॉ साक्षी तिवारी, डॉ श्वेता सचान, डॉ श्रृष्टि पाटिल, श्रीमती मंजू चौधरी को धन्यवाद प्रेषित किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री कृष्ण शर्मा एवं स्टाफ सदस्य रेखा प्रसाद, रानी गौतम, सत्यप्रकाश, लालसिंह आदि उपस्थित रहे।